पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

उप–राष्ट्रपति का लखनऊ एवं राजभवन आगमन पर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने स्वागत एवं अभिनंदन किया

उप–राष्ट्रपति के सम्मान में राजभवन में रात्रि–भोज का आयोजन

लखनऊः 14 अप्रैल, 2022

उप–राष्ट्रपति श्री एम0 वैंकेया नायडु के आज सपत्नीक लखनऊ आगमन पर अमौसी एअर पोर्ट तथा राजभवन में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्र तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया।

इस अवसर पर राजभवन में रात्रि–भोज का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री सहित प्रदेश मंत्रिमण्डल के समस्त मंत्रियों ने भाग लिया।

इससे पूर्व उप–राष्ट्रपति की विवाह की 52वीं वर्षगांठ की शुभ अवसर पर दीप प्रज्ज्वलित किया गया तथा राज्यपाल जी, मुख्यमंत्री जी तथा प्रदेश मंत्रिमण्डल के समस्त सदस्यों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी । समारोह में मुख्यमंत्री जी ने प्रदेश मंत्रिमण्डल की तरफ से काशी विश्वनाथ कारिडोर का मॉडल स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट किया।

————

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन (187/7)
सम्पर्क सूत्र– 9453005360

MARRIAGE ANNIVERSARY